# आगरा नगर निगम

**कार्यो का विवरण व शर्ते**

निर्माण कार्यों हेतु पात्र ठेकेदारों से प्रतिशत दरों के आधार पर ई–निविदा पद्धति से ई–टेण्डरिंग की वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्नलिखित टेण्डर शैड्यूल के अनुसार आमंत्रित अल्पकालीन निविदा सूचना के कार्यों का विवरण :–

| क्र. सं. | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा देखने / डाउनलोड / खरीदने की तिथि | 11-01-2021, 12:00 PM | 16-01-2021, 12:00 PM |
| 2 | बिड समाप्ति की तिथि एवं समय | | 16-01-2021, 12:00 PM |
| 3 | बिड खोलने की तिथि एवं समय | 16-01-2021, 02:00 PM | |

**कार्यो का विवरण**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनांक (रु. धनराशि में) | अर्नेस्टमनी (रु. धनराशि में) | कार्य अवधि | टेण्डर मूल्य (रु. में) | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जोन–2 कक्ष संख्या–18 राजनगर, सामुदायिक भवन से उमेश के मकान तक, मुन्नालाल के मकान से अशोक के मकान तक, ओम प्रकाश के मकान से छुट्टनलाल के मकान तक व राधाकृष्ण के मकान से वीरेन्द्र के मकान तक नाली व सी0सी0 फर्श का निर्माण कार्य। | 466400.00 | 47000.00 | 30 | 400.00 | A, B, C, D, E |
| 2 | जोन–2 कक्ष संख्या–45 ताल मंगलेश्वर में लता जैन (न्यू वींगस स्कूल) से सुशील भारद्वाज स्कूल तक, बच्चू वर्मा के मकान से डिम्पल के मकान तक एवं विशाल कम्यूनिकेशन से 26/424 तक नाली मरम्मत एवं सी0सी0 द्वारा सड़क सुधार कार्य। | 795550.00 | 80000.00 | 30 | 500.00 | A, B, C, D |
| 3 | जोन–2 कक्ष संख्या–45 गोकुलपुरा पुलिस चौकी के बराबर से ओम प्रकाश अग्रवाल के मकान से सामने नाले की दीवार का कार्य। | 706650.00 | 71000.00 | 30 | 500.00 | A, B, C, D |
| 4 | जोन–2 कक्ष संख्या–45 अशोक नगर नाले की पुलिया पर नाले की पैरापिट वॉल एवं साइड पटरी पर सी0सी0 द्वारा सड़क सुधार कार्य। | 157650.00 | 15800.00 | 30 | 200.00 | A, B, C, D, E |
| 5 | जोन–2 कक्ष संख्या–45 ताल मंगलेश्वर में रविशंकर से अमरनाथ कुशवाह के मकान होते हुए बबलू के मकान तक एवं लाढ़ साहब वाली गली में नाली मरम्मत एवं सी0सी0 द्वारा सड़क सुधार कार्य। | 896650.00 | 90000.00 | 30 | 500.00 | A, B, C, D |
| 6 | जोन–2 कक्ष संख्या–74 पाण्डव नगर मे मंदिर के सामने चौक से म.नं. 112 से होते हुए मकान नं. 119 तक हॉटमिक्स द्वारा सड़क निर्माण कार्य। | 985000.00 | 98500.00 | 30 | 500.00 | A, B, C, D |
| 7 | जोन–2 कक्ष संख्या–74 पाण्डव नगर में म.नं. 99 होते हुए म.नं. 108 के सामने तक नाली व साइड पटरी पर इण्टरलॉकिंग का कार्य। | 988500.00 | 99000.00 | 30 | 500.00 | A, B, C, D |
| 8 | जोन–2 कक्ष संख्या–41 आजमपाड़ा में सावलिया के मकान से मस्जिद तक एवं टिल्लू वाली गली में नाली व इण्टरलॉकिंग फर्श का निर्माण कार्य। | 982550.00 | 98500.00 | 30 | 500.00 | A, B, C, D |
| 9 | जोन–4 कक्ष संख्या–79 छत्ता बाजार में शंकरलाल पेंट के सामने पुलिया का निर्माण कार्य। | 890550.00 | 89500.00 | 30 | 500.00 | A, B, C, D |
| 10 | जोन–4 छत्ता वार्ड कक्ष संख्या–79 मोतीगंज पंजा मदरसा में स्थित गलियों में सी0सी0 द्वारा पैच मरम्मत, नाली मरम्मत तथा पथवारी में भवन संख्या 28/251 से अमन कम्यूनिकेशन गुदड़ी मंसूर खाँ तक सीवर लाईन डालने का कार्य। | 907650.00 | 91000.00 | 60 | 500.00 | A, B, C, D |

Scanned with CamScanner

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनांक (रु. धनराशि में) | अर्नेस्टमनी (रु. धनराशि में) | कार्य अवधि | टेण्डर मूल्य (रु. में) | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | जोन–1 कक्ष संख्या–89 आवास विकास कालोनी सैक्टर–13बी में श्री हरगोविन्द यादव वाली गली में म.नं. 510ए तक हॉटमिक्स द्वारा सड़क सुधार कार्य। | 998300.00 | 100000.00 | 30 | 500.00 | प्लांट धारकों हेतु |
| 12 | एम0जी0 रोड पर कलेक्ट्रेक्ट चौराहा के नजदीक फ्लाई ओवर की साइड वॉल व यमुना किनारा पर डॉ0 भीमराव अम्बेडकर पुल की साइड वॉल पर 03–डी शोभादार वॉल पेंटिंग बनाकर सौन्दर्यीकरण कराये जाने का कार्य। | 1476900.00 | 148000.00 | 30 | 1000.00 | A, B, C, D |
| 13 | एम0जी0 रोड़ से छीपीटोला को जाने वाले मार्ग पर भारतीय स्टेट बैंक के पास स्थित फाउण्टेन/झरना की मरम्मत का कार्य। | 234900.00 | 23500.00 | 30 | 300.00 | A, B, C, D, E |
| 14 | जोन–2 कक्ष संख्या–74 पाण्डव नगर में म.नं. 95 से मकान नं. 99 होते हुए म.नं. 108 के सामने तक हॉटमिक्स द्वारा सड़क निर्माण कार्य। | 1466850.00 | 147000.00 | 60 | 1000.00 | प्लांट धारकों हेतु |
| 15 | ताजगंज जोन–03 कक्ष संख्या–57 उखर्रा रोड संजय नगर के सामने से निबोरिया बिल्डिंग मैटेरियल तक हॉटमिक्स द्वारा पैंच मरम्मत का कार्य। | 406000.00 | 41000.00 | 15 | 400.00 | प्लांट धारकों हेतु |
| 16 | जोन–2 कक्ष संख्या–86, न्यू राजामण्डी में एस.बी.आई. बैंक से राजा मण्डी स्टेशन मोड तक हॉटमिक्स द्वारा पैच मरम्मत कार्य। | 227200.00 | 23000.00 | 15 | 300.00 | प्लांट धारकों हेतु |
| 17 | जोन–2 कक्ष संख्या–68, कोतवाली गेंग हट से सदर भट्टी चौराहे तक हॉटमिक्स द्वारा पैच मरम्मत कार्य। | 330800.00 | 33500.00 | 15 | 500.00 | प्लांट धारकों हेतु |
| 18 | जोन–2 कक्ष संख्या–68, डॉ0 चन्द्रा क्लीनिक से कालवाडी मन्दिर होते हुए शहीद भगत सिंह तिराहे (नूरी दरवाजा) तक हॉटमिक्स द्वारा पैच मरम्मत कार्य। | 230400.00 | 23500.00 | 15 | 300.00 | प्लांट धारकों हेतु |
| 19 | जोन–2 मारूति स्टेट रोड से साकेत चौराहे तक हॉटमिक्स द्वारा पैच मरम्मत का कार्य। | 284000.00 | 28500.00 | 15 | 300.00 | प्लांट धारकों हेतु |
| 20 | जोन–2 पुराने आजमपाडा के अन्तर्गत क्षतिग्रस्त मार्ग पर हॉटमिक्स द्वारा पैच मरम्मत कार्य। | 333600.00 | 33500.00 | 15 | 300.00 | प्लांट धारकों हेतु |
| 21 | जोन–2 कक्ष संख्या–86, नौवस्ता चौराहे लोहामण्डी बाजार होते हुए रेलवे फाटक तक हॉटमिक्स द्वारा पैच मरम्मत कार्य। | 309600.00 | 31000.00 | 15 | 300.00 | प्लांट धारकों हेतु |
| 22 | जोन–2 कक्ष संख्या–84, रेलवे फाटक से राजामण्डी बाजार होते हुए एम0जी0 रोड तक एवं पोस्ट ऑफिस वाली रोड तक हॉटमिक्स द्वारा पैच मरम्मत कार्य। | 302550.00 | 30500.00 | 15 | 300.00 | प्लांट धारकों हेतु |
| 23 | जोन–4 कक्ष संख्या–28 बम्बा रोड़ आजाद नगर में सनपत के मकान से तेज सिंह के मकान तक नाली व इण्टरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य। | 999200.00 | 100000.00 | 30 | 500.00 | A, B, C, D |
| 24 | जोन–4 छत्ता कक्ष संख्या–28 जगदम्बा मार्ग स्वरूप नगर में दौलत राम के मकान से हरी सिंह के मकान तक व सीताराम से सत्य प्रकाश तक व नेत्रपाल वाली गली में नाली व इण्टरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य। | 981000.00 | 98500.00 | 30 | 500.00 | A, B, C, D |
| 25 | जोन–4 छत्ता कक्ष संख्या–17 आस्था सिटी के सामने, गरीब नगर में, सल्लो, याकुब, टोरेंट पावर के सामने, बनवारी, सीताराम की बगीची के पास, मस्ता की बगीची, सुनील राठौरव गधापाड़ा में फौजदार के मकान के | 901700.00 | 90500.00 | 30 | 500.00 | A, B, C, D |

Scanned with CamScanner

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनांक (रु. धनराशि में) | अर्नेस्टमनी (रु. धनराशि में) | कार्य अवधि | टेण्डर मूल्य (रु. में) | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | सामने क्षतिग्रस्त पुलिया निर्माण व मोहनगढ़ में नाला मरम्मत का कार्य। | | | | | |
| 26 | जोन–4 कक्ष संख्या–17 नया घेर में कुंआ वाली गली, पटेल नगर में राकेश व सविता वाली गली एवं खाटू वाली गली तथा तीन कुई पटेल नगर में नाली एवं सी0सी0 फर्श का निर्माण कार्य। | 978100.00 | 98000.00 | 30 | 500.00 | A, B, C, D |

**सामान्य शर्ते :–**

1. निविदादाता को वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर पंजीकृत होना अनिवार्य है। पंजीकरण न होने पर निविदा डालना सम्भव नहीं होगा।
2. निविदादाता को निविदा के साथ वित्तीय वर्ष 2020–21 में नगर निगम में नवीनीकरण की रसीद (यदि निविदादाता की फर्म का पंजीकरण नगर निगम, आगरा में नहीं है, तो अन्य विभाग में पंजीकरण का प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा) एवं जिलाधिकारी द्वारा जारी नवीन चरित्र प्रमाण–पत्र (PWT-4) तथा हैसियत प्रमाण–पत्र (PWD-T5) संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. समस्त निविदादाताओं को निविदा के साथ तीन वर्ष का आई.टी.आर., आयकर विभाग प्रति संलग्न करना होगा।
4. बिड के साथ नगर निगम के किसी भी अधिकारी/कर्मचारी के निकट रक्त सम्बन्धी के फर्म में कार्यरत न होने सम्बन्धी शपथ–पत्र संलग्न करना होगा।
5. क्रमांक–12 एवं 13 पर अंकित कार्य में समान प्रकृति के कार्य का अनुभव होना अनिवार्य है।
6. बिड के साथ ठेकेदार (जो नगर निगम, आगरा में पंजीकृत नहीं है) को रु. 100/– के स्टाम्प पेपर पर शपथ–पत्र देना अनिवार्य होगा कि वह किसी विभाग में काली सूची में दर्ज नहीं है और नगर निगम में पंजीकृत अन्य किसी फर्म में पार्टनर/प्रोपराइटर नहीं है।
7. बिड के साथ समस्त सूचना सही होने सम्बन्धी शपथ–पत्र संलग्न करना होगा।
8. कार्यस्थल की आवश्यकतानुसार मात्राओं में विचलन हो सकता है, जिसके लिए ठेकेदार बाध्य होगा। विचलन हेतु सक्षम स्तर से पूर्वानुमति अनिवार्य होगा।
9. श्रम विभाग में पंजीकरण की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
10. पैन/जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन की स्वप्रमाणित प्रति।
11. मा0 एन0जी0टी0 के द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में निर्माण कार्य स्थल पर निर्माण कार्य सामग्री को ग्रीन कवर से ढक्कर एवं पानी का छिड़काव करते हुए कार्य करना अनिवार्य होगा, जिससे वायू प्रदूषण उत्पन्न न हो। अन्यथा की स्थिति में पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति वसूलने की कार्यवाही की जायेगी। कार्य के दौरान स्थल पर सामग्री रखे जाने के फोटोग्राफ भी पत्रावली में संलग्न करने होंगे।
12. जी0एस0टी0 के नियमों/शासनादेश के अनुसार निर्धारित कटौती की जायेगी।
13. निविदा प्रपत्र मूल्य की धनराशि का भुगतान प्रत्येक कार्य के सम्मुख उल्लिखित निविदा शुल्क पृथक–पृथक RTGS/NEFT के माध्यम से नगर निगम के स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया में खाता संख्या 38120131718, शाखा–नगर महापालिका, आगरा IFSC Code SBIN0003707 खाता नाम ई–टेण्डरिंग नगर निगम आगरा के नाम से किया जाना अनिवार्य होगा।
14. कार्यों की समय–समय पर जांच प्रतिष्ठित प्रयोगशाला से कराया जाना अनिवार्य होगा। जांच रिपोर्ट में यदि कोई मानक के विपरीत पायी जती है, तो सम्बन्धित कार्य को तोड़कर पुनः ठेकेदार अपने हर्जे–खर्चे पर ठीक किया जाना अनिवार्य होगा तथा इस कार्य में कोई अतिरिक्त भुगतान नगर निगम द्वारा नहीं किया जायेगा।
15. ठेकेदार/फर्म का किसी कार्य हेतु कोई आरबीट्रेशन अथवा अन्य विवाद चल रहा है, तो सूचना संलग्न करनी होगी।
16. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम, आगरा को होगा।
17. शासनादेश संख्या 622/33–12–2012–2आडिट/08, दिनांक 06 जून, 2012 के अनुसार 10 प्रतिशत निम्न तक 0.50 प्रतिशत प्रति 01 प्रतिशत कम दर तथा 10 प्रतिशत से अधिक निम्न दर पर 1.00 प्रतिशत प्रति 01 प्रतिशत कम पर सिक्योरिटी/परफोरमेंस गारण्टी ली जायेगी।
18. शासनादेश संख्या 3890/नौ–5–19–149सा/2019, दिनांक 20.09.2019 के अनुसार न्यूनतम निविदादाता का यदि पूर्व से नगर निगम, आगरा में पंजीकरण नहीं है, तो उन्हें पंजीकरण नियमावली/शर्तो के अनुसार नगर निगम, आगरा में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
19. शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78–2–2018/42आई0टी0/2017(22), दिनांक 03 जनवरी, 2018 के अनुपालन निविदादाताओं को अर्नेस्टमनी के रूप में ऑनलाईन अंकित की गयी एफ.डी.आर./एन.एस.सी. को स्कैन कर अपलोड़ किया जाना अनिवार्य होगा तथा न्यूनतम निविदादाता को ऑनलाईन अंकित की गयी एफ.डी.आर./एन.एस.सी. मूल रूप में विभाग में उपस्थित होकर जमा कराया जाना भी अनिवार्य होगा। यदि वेबसाइट पर अपलोड एवं विभाग में जमा की गयी एफ.डी.आर./एन.एस.सी. में भिन्नता पायी जाती है, तो सम्बन्धित फर्म का पंजीयन निरस्त करते हुए काली सूची में इन्द्राज किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।
20. रु. 40.00 लाख से अधिक धनराशि के कार्यों की निविदा डबल बिड सिस्टम (तकनीकी एवं वित्तीय) के आधार पर आमंत्रित की गयी हैं, जिनमें निविदादाता को तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा पृथक–पृथक देनी होंगी। निविदादाता की निविदा पर तकनीकी निविदा की अर्हताऐं पूर्ण करने पर ही वित्तीय निविदा खोले जाने पर विचार किया जायेगा।
21. तकनीकी बिड में अर्हता प्राप्त करने वाले निविदादाताओं की वित्तीय बिड बाद में खोली जायेगी जिसकी सूचना पृथक से दी जायेगी।
22. अपराधिक रिकार्ड रखने वाले एवं बार काउंसिल के पंजीकृत निविदादाता को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी।
23. कोई भी निविदादाता जो स्टेट बार काउन्सिल में पंजीकृत है, वह निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेगा।
24. प्रत्येक निविदादाता को नॉन–जूडिशियल स्टाम्प पेपर पर सभी सूचनायें सही होने का शपथ–पत्र उपलब्ध कराया जायेगा।
25. कार्य को पूर्ण करने की समयावधि वर्षा ऋतु को शामिल करते हुए वर्णित है।

Scanned with CamScanner

26. ठेकेदार/निविदादाता को निर्माण के समय यातायात के आवागमन को बिना किसी अवरोध के बनाये रखने हेतु पर्याप्त सुविधा/व्यवस्था करना अनिवार्य होगा।
27. ई–निविदा में कोई भी संशोधन/परिवर्तन की सूचना को वेबसाइट पर ही अपलोड कर प्रकाशित किया जायेगा।
28. एक अथवा सभी निविदाओं को कारण बताये अथवा बिना बताये निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त में निहित होगा एवं किसी भी शर्त को संशोधित करने का पूर्व अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम, आगरा में निहित होगा।
29. यदि निविदादाता के द्वारा अपनी श्रेणी हेतु आरक्षित श्रेणी से उच्च/निम्न श्रेणी के कार्यों की निविदा डाली जाती है, तो सम्बन्धित की फर्म की अर्नेस्टमनी जब्त करते हुए काली सूची में इन्द्राज कर दिया जायेगा।

मुख्य अभियन्ता,
नगर निगम, आगरा

प्रतिलिपि :–

1. मा0 महापौर महोदय को अवलोकनार्थ।
2. नगर आयुक्त महोदय को अवलोकनार्थ।
3. अध्यक्ष, टेण्डर समिति को सूचनार्थ प्रेषित।
4. सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ताओं को इस निर्देश के साथ कि अपने–अपने जोन के अन्तर्गत समस्त कार्यों की बिल ऑफ क्वान्टिटी समयान्तर्गत वेबसाइट पर अपलोड़ कराया जाना सुनिश्चित करायें।
5. आई0टी0ओ0 को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. बेवसाइट पर अपलोड़ हेतु।
7. नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

मुख्य अभियन्ता,
नगर निगम, आगरा

Scanned with CamScanner